BA-2, IInd Paper
Date - 03.07.2020
Topic - Political Parties and Party System
Seema Kumari, Asst. Prof. (Pol. Sc.), RMC, VKSU.

राजनीतिक दल एवं दलीय प्रणाली

लोकतंत्र का एक प्रमुख लक्षण यह है कि इसमें एक से अधिक राजनीतिक दल बनाए जा सकते हैं और ये दल राजनीतिक शक्ति प्राप्त करने के लिए एक दूसरे के साथ मुक्त रूप से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। राजनीतिक दल का अर्थ ऐसा संगठन है जो संपूर्ण देश या समाज के व्यापक हित के संदर्भ में अपने सेवार्थियों के हितों को बढ़ावा देने के लिए निश्चित सिद्धांतों, नीतियों और कार्यक्रम का समर्थन करता है, और उन्हें कार्यान्वित करने के उद्देश्य से 'राजनीतिक शक्ति' प्राप्त करना चाहता है।

लोकतांत्रिक संविधानों में प्रतिनिधि तथा जवाबदेह सरकारी तंत्र का प्रावधान होता है। आधुनिक प्रजातंत्र जवाबदेही और प्रतिनिधित्व की अवधारणाओं में अंतर्निहित होती है। इसी व्यवस्था के द्वारा लोक मांगों का निर्माण और निस्तारण होता है तथा लोक नीति में रूपांतरण होता है। राजनीतिक दल विभिन्न मुद्दों पर लोक मत के निर्माण की प्रक्रिया का प्रवर्तन कर उनका कमोबेश सफलता के साथ वैकल्पिक नीतियों में विलय करती है। राजनीतिक दल एक ऐसा समूह है जो सरकार का नियंत्रण सुरक्षित करने के लिए संचालित होता है।

राजनीतिक दल की विशेषताएं -

1. यह बहुत सारे लोगों का स्थायी संगठन है।
2. यह संगठन साधारणतः अपने सेवार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए समाज के व्यापक हित को बढ़ावा देना चाहता है।

Scanned with CamScanner

3. अपने उद्देश्यों की सिद्धि के लिए यह कुछ निश्चित राजनीतिक सिद्धांतों और नीतियों का समर्थन करते हैं और इनके पास स्पष्ट कार्यक्रम होता है।

4. अपने सिद्धांतों, नीतियों और कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने के लिए यह राजनीतिक शक्ति प्राप्त करना चाहता है।

5. विभिन्न दल अपने मतभेदों को सुलझाने के लिए शांतिपूर्ण तरीका अपनाते हैं और बहुमत के निर्णय को स्वीकार करते हैं।

दलीय प्रणाली के विविध रूप (Types of Party System)

- लोकतंत्रीय व्यवस्था में
  - एकदल प्रधान प्रणाली
  - दो दलीय प्रणाली
  - बहुदलीय प्रणाली
    - समान विचारधारा पर आधारित
    - अवसरवादिता पर आधारित
- गैर लोकतंत्रीय
  - एक दलीय प्रणाली

आधुनिक राज्यों की जटिल परिस्थितियों में दलीय प्रणालि महत्वपूर्ण समस्याओं और नीतियों के स्पष्टीकरण में पर्याप्त योग देती है। मतदाता अपनी शक्ति का सार्थक प्रयोग तभी कर सकते हैं जब उनको चयन की स्वतंत्रता हो अर्थात वे अनेक राजनीतिक दलों में से अपने पसंद के दल को समर्थन दे सकते हैं। इस दृष्टिकोण से दलीय प्रणाली का विभाजन

एकदलीय प्रणाली
द्विदलीय प्रणाली
बहुदलीय प्रणाली, में किया जा सकता है। यह वर्गीकरण किसी देश में प्रचलित दलों की संख्या पर आधारित होता है।

to be contd.→

Scanned with CamScanner